रेत माफियाओं ने दबंगाई दिखाकर नायब तहसीलदार से की अभद्रता

रेत से भरा वाहन लेकर आरोपी फरार, शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 27 मई. बुधवार सुबह करीब 7 बजे बैतूल मार्ग पर स्थित मलंग ढाबा के समीप अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई करने पहुंचे नायब तहसीलदार को रेत माफियाओं ने दबंगाई दिखाकर उसनके साथ अभद्रता कर दी। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नायब तहसीलदार द्वारा बिना नंबर के रेत से भरे डम्पर को रोककर जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक थार वाहन से डम्पर मालिक एवं उसके साथी मौके पर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने आते ही दबंगई दिखाते हुए नायब तहसीलदार के साथ अभद्र व्यवहार किया और उनका मोबाइल फोन छीन लिया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने नायब तहसीलदार के ड्राइवर का मोबाइल भी छीन लिया तथा धमकी भरे अंदाज में गाली-गलौज करते हुए सरकारी कार्रवाई में बाधा डाली। इसके बाद आरोपी रेत से भरा डम्पर लेकर मौके से फरार हो गए। घटना के दौरान हाईवे पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। सूत्रों के मुताबिक, घटना की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दे दी गई थी, लेकिन समय पर पुलिस बल मौके पर नहीं पहुंच सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुलिस समय रहते पहुंच जाती तो आरोपियों को मौके पर ही पकड़ा जा सकता था। घटना के बाद नायब तहसीलदार ने उमरानाला चैकी पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है तथा आरोपियों की तलाश जारी है। उक्त घटना के बाद राजस्व अधिकारियों ने नाराजगी जाहिर कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

रेत माफियाओं के हैसले उजागर

प्रासनिक अधिकारियों पर हो रहे हमले कहीं न कहीं कमजोर तंत्र की ओर इशारा कर रहे है। रेत तस्करों को बढ़ावा देने में खनिज विभाग की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। आए दिन ठेकेदारों की महंगी कारें कार्यालय के सामने खड़ी रहती है। दबंग तस्करों को छोड़ तस्करों पर कार्रवाई कर औपचारिकता निभाई जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने जिले में सक्रिय रेत माफियाओं के बढ़ते हौसलों को उजागर कर दिया है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि पुलिस और प्रशासन आरोपियों पर क्या सख्त कार्रवाई करते हैं।

पूर्व में भी हो चुके है हमले

रेत तस्करों के हौसलें इतने बुलंद हो गए है कि अधिकारियों पर भी हमला करने से नहीं चूक रहे है। इस हमले के पूर्व हर्रई में तहसीलदार पर हमला हुआ है। चैरई में नायब तहसीलदार पर हमला हुआ। तामिया में वन विभाग कर्मियों की कार पर हमला किया गया। जुन्नारदेव में एसडीएम से जमकर वाद विवाद हुआ था। इस तरह आए दिन प्रशासनिक अधिकारियों पर हमले हो रहे है।

इनका कहना है...

इस मामले में शिकायत की गईहै। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

रामेश्वर प्रसाद चौबे
डीएसी छिंदवाड़ा

ग्राम सरपंच श्रीमती शेंड़े के प्रयास से मिली सफलता अब ग्रामीणों को मिलेंगा पीने का भरपूर पानी

जिला कलेक्टर के निर्देश पर किए गए किए ट्यूबवेल खनन में लगा तीन इंच पानी

नवभारत न्यूज

बड़चिचोली,27 मई.ग्राम में भीषण जल संकट के चलते पीने के पानी की हो रहीं परेशानियों को लेकर ग्राम सरपंच सहित जागरूक ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्टर से लगाई गई गुहार के बाद पीएचई विभाग द्वारा बीते रात्रि किए गए ट्यूबवेल खनन में 3 इंच पानी लग गया है.

ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामीणों के घरों में नल जल योजना के माध्यम से पीने के पानी पहुंचाने जोर शोर से तैयारी प्रारंभ कर दी है।

उल्लेखनीय हो कि ग्राम बड़ चिचोली के अधिकांश वार्डों में 15-15 दिनों बाद हो रहीं पेयजल सप्लाई के कारण इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पीने का पानी भी नसीब नहीं होने से बहुत अधिक परेशानी हो रहीं थी,इस बात को लेकर ग्राम की सरपंच श्रीमती भारती शेंडे तथा जागरूक ग्रामीणों द्वारा जिला मुख्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर से ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु ट्यूबवेल खनन कराने की गुहार लगाई थी,वहीं समाचार पत्रों में इस बात को लेकर समय-समय पर प्रमुख से समाचार प्रकाशित कर शासन का ध्यान आकृष्ट कराया था।

इस गंभीर समस्या को देखते हुए जिला कलेक्टर नीरज वशिष्ठ द्वारा पीएचई विभाग को तत्काल व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए थे,बीते रात्रि ग्राम में ट्यूबवेल खनन करनी पहुंची मशीन को देख कुछ सफेदपोश नेताओं द्वारा अपनी मनमर्जी की जगह पर ट्यूबवेल खनन करने के लिए आमादा दिखाई दिए।

लेकिन ग्रामीणों को भरपूर पीने का पानी मिल सके इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए जहां भरपूर पानी निकल सकेगा वहीं जगह पर ट्यूबवेल खनन करने को लेकर ग्राम की जागरूक सरपंच श्रीमती भारती शेंड़े द्वारा ग्राम की गौशाला के पास जगह चिन्हित कर वहां पर ट्यूबवेल खनन कराने विधिवत पूजा आरती कर कार्य शुरू किया गया ।

और देखते ही देखते यहां 3 इंच पानी लगने से ग्राम की सरपंच,जागरूक ग्रामीणों द्वारा राहत की सांस ली,ग्राम सरपंच श्रीमती शेंड़े द्वारा बताया कि इस नए ट्यूबवेल से ग्रामीणों के घरों तक बिछाई गई पाइप लाइन से जोडा जाएंगा,जिससे एक दो दिनों में ही ग्रामीणों को भरपुर पेयजल मिलेंगा,ग्राम सरपंच श्रीमती शेंडे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा जागरूक ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्टर का आभार माना ।

एक नजर में

फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक

छिंदवाड़ा। कोतवाली थाना क्षेत्र के पुराना चांद नाके के समीप रहने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि उसने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाई है। जानकारी अनुसार कीर्तन पिता अनिल चौहान 23 साल पुराना चांद नाका का रहने वाला है। उसने बीती रात अपने परिजनों के साथ खाना खाने के बाद कमरे में चला गया। वह सुबह देर तक नहीं उठा। परिजनों को चिंता सताने लगी। उसे उठाने पहुंचे परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। जब परिजनो ने खिड़की में झांककर देखा, तो फांसी के फंदे पर लटका देख दंग रह गए। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से नीचे उतारा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

डेंगू की रोकथाम के लिए 75 घरों में लार्वा किया गया नष्ट

छिंदवाड़ा. डेंगू की रोकथाम व नियंत्रण के लिए शहरिय क्षेत्र वार्ड नं. 47 में 2 दल द्वारा 75 घरों में लार्वा सर्वे किया गया। 4 घरों में एडीज मच्छर के लार्वा पाए गए, लार्वानाशक दवा डालकर नष्ट किया गया। जनसमुदाय से अपील है की अपने घर के सभी पानी के कंटेनर, कूलर, फ्रिज ,टांके टंकिया, टायर को प्रति सप्ताह जांच ले की एडीज मच्छर के लार्वा तो नही पनप रहे, व खाली कर सफाई कर दे। पानी के बड़े कंटेनर जिनकी सफाई व ढांकना संभव न हो तो उनमें मीठा तेल प्रति सप्ताह डालें। मच्छरों के काटने से स्वयं बचाव करे, पूरे शरीर ढकने वाले कपड़े पहने, दिन के समय बच्चों व वृद्धों को मच्छरदानी के अंदर सोने की सलाह दी जावे, मॉस्किटो कॉइल का उपयोग करे, शाम के समय नीम पत्तियों का धुआं करे। तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, शरीर पर चकत्ते, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ो में दर्द, नाक व मसूड़ों से रक्तस्राव होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर डेंगू की जिला चिकित्सालय/छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज में डेंगू एलिसा टेस्ट नि:शुल्क कराए। इस प्रकार जिले में डेंगू के संचरण के प्रसार को समाप्त/कम करने में सहयोग करें

बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने छिंदवाडा जाएंगे बीएसपी के कार्यकर्ता

पांढुरना,27 मई. बरसा मुंडा के बलिदान दिवस के अवसर पर आगामी 10 जून को छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर आज बहुजन समाज पार्टी पांढुरना इकाई की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसमें विचार विमर्श कर रूपरेखा बनाई गई ।बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस के अवसर पर आगामी 10 जून को देश के अन्य क्षेत्रों की तरह ही छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय में आयोजित विचार संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल पांढुरना से भी बड़ी संख्या में जाने को लेकर आज 27 मई को बहुजन समाज पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक बसपा के प्रदेश जोन प्रभारी उमाकांत बंदेवार की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई,जिसमें कार्यक्रम में शामिल होने की रूपरेखा बनाई गई,साथ ही पांढुरना जिले की कार्यकारिणी पर भी विस्तार से चर्चा की गई इस बैठक में ज्ञानेश्वर गजभिए,अशोक गजभिए,राजकुमार वानखेड़े,संजय ढोके,उमाजी सलामे,दिलीप नारनवरे,दिलावर मोटघरे,मानिकराव वानखेड़े,हितेश वानखेड़े आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

शहर कांग्रेस कमेटी व कांग्रेस सेवादल ने मनाई पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 27 मई. शहर कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। श्रद्धांजलि का कार्यक्रम राजीव भवन में सम्पन्न हुआ।

शहर कांग्रेस कमेटी के पदधिकारियों कार्यकर्ताओं व सेवादल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू जी के छाचाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उपस्थित वक्ताओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा देश के नवनिर्माण, लोकतंत्र की मजबूती, वैज्ञानिक सोच और आधुनिक भारत की नींव रखने में दिए गए योगदान को याद किया। आयोजित दोनों ही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के वक्ताओं ने कहा कि पंडित नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था और उनका निधन 27 मई 1964 को हुआ था। उन्होंने स्वतंत्र भारत को मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था, औद्योगिक विकास और शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा देने का कार्य किया। उनके द्वारा स्थापित संस्थानों और नीतियों ने देश को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू बच्चों और युवाओं के भविष्य को लेकर हमेशा चिंतित रहते थे और देश को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने का सपना देखते थे। आज भी उनके विचार और आदर्श देशवासियों को प्रेरणा देने का कार्य कर रहे हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश में महिलाओं की शिक्षा, समान अधिकार और सामाजिक उत्थान को हमेशा प्राथमिकता दी। उनका सपना एक ऐसे आधुनिक भारत का था, जहां हर वर्ग को सम्मान और आगे बढ़ने का अवसर मिले। उनके विचार आज भी देश की एकता, लोकतंत्र और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं।

जहर का सेवन करने से वृद्धा की मौत

छिंदवाड़ा। उमरेठ थाना क्षेत्र के काराबोह में एक वृद्ध की जहर सेवन से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि अज्ञात कारणों के चलते उसने जहर सेवन किया है। जानकारी अनुसार अमरावती पति लखन भलावी 60 साल काराबोह गांव की रहने वाली है। वह तीन चार दिनों से परेषान चल रही थी। परिजनों के पूछने पर भी उसने कोई कारण नहीं बताया। आखिरकार बीते दिन उसने जहर का सेवन कर लिया। जिसके बाद उसे उल्टियां होने लगी। उल्टियां होते देख परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

दो मरीजों का नागपुर के अस्पतालों में होगा इलाज

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 27 मई. सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से ईलाज कराने में असमर्थ लोगों को मदद दिलाने का सिलसिला लगातार जारी है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज एवं उनके परिजन लगातार सांसद श्री साहू से संपर्क कर आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है।

सांसद श्री साहू सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से उनकी स्वेच्छानुदान मद से लगभग प्रतिदिन लाखों रूपयों की सहायता राशि भी उपलब्ध करा रहे है।

इसी सिलसिले में विगत दिनों मरीजों के परिजनों ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर गंभीर रूप से बीमार मरीजों का ईलाज कराने में असमर्थता जताते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की थी। सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तुर्की खापा निवासी योगिता पति सुभम साहू को 65 हजार एवं खमरा निवासी केशराम पिता लक्खु वर्मा को 45 हजार की स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता स्वीकृत कर दी है। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयास से सहायता राशि मिलने पर बीमारी से पीड़ित मरीजों का नागपुर के अस्पतालों में इलाज हो सकेगा।

कमलनाथ , नकुलनाथ ने दी ईद की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

छिन्दवाड़ा. मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने देश, प्रदेश, जिले व नगरवासियों को ईद की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। माननीय कमलनाथ जी ने ईद-उल-अज़हा की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा यह त्योहार पैगंबर इब्राहिम के बलिदान और अल्लाह के प्रति उनकी अटूट निष्ठा की याद में मनाया जाता है। नकुलनाथ ने अपने शुभकामना संदेश में ईद-उल-अज़हा की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी ईद को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने पुनः समस्त जिले व नगरवासियों को ईद की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

खनिज विभाग की टीम ने रेत परिवहर करते 5 ट्रैक्टर किए जप्त

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 27 मई. खनिज विभाग की टीम द्वारा आज कार्रवाई करते हुए पेंच नदी न्यूटन चिखली में 02 ट्रैक्टरों को रेत का अवैध उत्खनन करते हुए जप्त किया गया।

जप्त वाहनों को थाना न्यूटन चिखली की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। इसके साथ ही तामिया क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 03 ट्रैक्टरों को जप्त कर थाना तामिया की अभिरक्षा में आगामी कार्रवाई के लिये खड़ा किया गया। खनिज विभाग द्वारा बताया गया कि उक्त वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत आगामी कार्रवाई के लिए प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

30 मई से शुरू होगा आदिवासी प्रीमियर लीग सीजन 2 का आयोजन

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 27 मई. आदिवासी प्रीमियर लीग सीजन -2 का आयोजन 30 मई से होगा। सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में आदिवासी प्रीमियर लीग सीजन-2 का भव्य आयोजन 30 मई 2026 को प्रातः 8 बजे से इनर ग्राउंड, नागपुर रोड पर किया जाएगा। यह प्रतियोगिता हार्ड टेनिस बॉल से खेली जाएगी और जिलेभर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बड़ा उत्सव बनने जा रही है।

इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग लेंगी, जिनमें छिंदवाड़ा ग्रामीण, चौरई, बिछुआ, मोहखेड़, तामिया, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई, परासिया, सौंसर और पांढुर्णा सहित जिले की विभिन्न तहसीलों की टीमें शामिल होंगी। प्रत्येक टीम 15 खिलाड़ियों की सूची प्रस्तुत कर सकती है और पंजीयन पूरी तरह निःशुल्क है। इच्छुक टीमें 28 मई 2026 तक अपना पंजीयन करा सकती हैं।

जीतने वाले को मिलेंगे पचास हजार

प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि भी खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना करने वाली है। विजेता टीम को 50,000 और उपविजेता को 25,000 की नगद राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैटर, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर और हर मैच में मैन ऑफ द मैच जैसे विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

पात्रता में कोई समझौता नहीं

आयोजन समिति ने स्पष्ट किया है कि इस प्रतियोगिता में केवल आदिवासी वर्ग के खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। पंजीयन के लिए आवेदन फॉर्म के साथ वर्तमान फोटो, आधार कार्ड की फोटोकॉपी, निवास प्रमाण पत्र और मोबाइल नंबर जमा करना अनिवार्य होगा। यदि किसी टीम में अन्य वर्ग का खिलाड़ी पाया गया, तो उस टीम को प्रतियोगिता से तत्काल बाहर कर दिया जाएगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे इस आयोजन में सहभागी बनकर इसे ऐतिहासिक सफलता दिलाएं।

उद्योगपतियों की मासिक बैठक आयोजित

छिंदवाड़ा. जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड तथा जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति की 27 अप्रैल 2026 को आयोजित बैठक में कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा जिले के उद्योगपतियों के साथ मासिक बैठक आयोजन किए जाने के निर्देशों के परिपेक्ष्य में बुधवार को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में जिले के उद्योगपतियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के औद्योगिक विकास, उद्योगपतियों की समस्याओं के निराकरण एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक | **कलेक्टर ने ली जिला चिकित्सालय और सिम्स के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक**

ओ.पी.डी. रजिस्ट्रेशन के लिए आमजन को ना हो कोई परेशानी : श्री नारायन

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 27 मई. जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने बुधवार को जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज (सिम्स) के अधिकारियों की बैठक ली । बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में किया गया था।

बैठक में गत बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाही और पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये । बैठक में कलेक्टर हरेन्द्र नारायन ने निर्देश दिए कि ओ.पी.डी. रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सामान्य रूप से सुचारू रहनी चाहिए। आमजन को इसमें कोई परेशानी नहीं हो। सभी संबंधित प्रभारी स्वयं इसे चेक करें। द्वितीय पाली में भी ओ.पी.डी. को अनिवार्य रूप से खुला रखा जाए। फायर सेफ्टी संबंधी कार्यवाहियों की शीघ्र स्वीकृति के लिए कलेक्टर श्री नारायन के माध्यम से एक उच्च स्तर पर एक अर्ध शासकीय पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सिम्स के डीन डॉ. अभय कुमार सिन्हा, सीएमएचओ डॉ.नरेश गोन्नाडे, सिविल सर्जन सह जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ.सुशील दुबे, अधीक्षक (सिम्स), आर.एम.ओ डॉ.हर्षवर्धन कुड़ापे, सहायक प्रबंधक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

एंबुलेंस संबंधी निविदा ओपन रखा जाए

बैठक में हुए निर्णय अनुसार भविष्य में किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए एंबुलेंस संबंधी निविदा को अभी ओपन रखा जाएगा। एंबुलेंस के लिए ड्राइवरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मेडिकल वेस्ट प्रबंधन का भुगतान शासन के माध्यम से या जिला चिकित्सालय के अनुबंध के अनुसार ही करने के संबंध में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया। अस्पताल परिसर में गंदगी फैलाने वालों पर 100 का जुर्माना लगाया जाएगा। 33 केवी विद्युत लाइन के नीचे से बिजली की अंडरग्राउंड केबल बिछाने के संबंध में नागपुर रेलवे से अनुमति प्राप्त करने के निर्देश दिए गए ।

हॉस्टल की क्षमता का आंकलन करने के निर्देश

हॉस्टल में उपलब्ध कमरों एवं सीनियर रेजीडेंट्स और जूनियर रेजीडेंट्स डॉक्टर्स की संख्या का आंकलन करने के निर्देश दिए गए। यदि हॉस्टल में कमरे खाली हैं, तो वे अस्थायी रूप से तकनीशियनों को दिए जा सकते हैं। यह शर्त स्पष्ट रहेगी कि जब अन्य डॉक्टर आएंगे, तो तकनीशियनों को कमरे खाली करने होंगे। रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था के निर्देश - बैठक में निर्देश दिए गए कि रेडियोलॉजिस्ट की ड्यूटी व्यवस्था (15 दिवसीय रोटेशन/ड्यूटी) को सुनिश्चित किया जाए। आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से चार पहिया वाहन प्राप्त करने और वाहनों के संचालन के लिए आवश्यतानुसार ड्राइवर्स की व्यवस्था के निर्देश दिए गए।

सब्जी मंडी में व्याप्त अव्यवस्थाओं में सुधार हो- पुष्पेन्द्र सिंह

छिन्दवाड़ा. जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले की प्रमुख सब्जी मंडी में व्याप्त अव्यवस्थाओं में किसान हित में सुधार होना चाहिये। जिले भर के सब्जी उत्पादक किसान सब्जी बेचने उक्त मण्डी में आते है। सब्जी मंडी में किसानों के लिये शेड नहीं होने से उनकी सब्जियों को रखने में जगह एवं शेड उपलब्ध नहीं होने से विशेषकर भीषण गर्मी एवं वर्षा ऋतु में किसानों की सब्जी तेज धूप एवं बरसात में पानी से फसलें खराब होती है । सब्जी मंडी में किसानों के लिये पर्याप्त छाया और पीने के पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जानी चाहिये । इसके अतिरिक्त मंडी में किसानों के लिये नि:शुल्क पार्किंग होनी चाहिये ।

शपथ पत्र

मैं श्रीमती प्रभा चौहान पति नं 7107625H हवलदार गुलाब सिंह (सेवानिवृत्त), उम्र 73 वर्ष, निवासी पोला ग्राउंड बरारीपुरा तहसील एवं जिला: छिंदवाड़ा 480,001 (मोबाइल-9754399866) की निवासी हूँ, यह शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे पति नं 7107625H हवलदार गुलाब सिंह के सर्विस दस्तावेजों में मेरा नाम प्रभा तथा जन्मतिथि 10 मई 1952 अंकित है, जो कि गलत है।

जबकि मेरे सभी सिविल दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र आदि में मेरा सही नाम प्रभा चौहान (PRABHA CHOUHAN) तथा जन्मतिथि 25 जनवरी 1952 अंकित है, जो कि सही है।

अतः निवेदन है कि मेरे पति के डिस्चार्ज बुक तथा अन्य सभी सर्विस दस्तावेजों में मेरा नाम प्रभा चौहान तथा जन्मतिथि 25 जनवरी 1952 सही रूप से अंकित करने की कृपा की जाए।

दिनांक :-
स्थान :-

(हस्ताक्षर)
प्रभा चौहान
पति - नं 7107625H
हवलदार गुलाब सिंह (सेवानिवृत्त)